Rapid Fire करेंट अफेयर्स (15 April)

- 14 अप्रैल को देशभर में संविधान निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाने वाले **डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर** की 128वीं जयंती का आयोजन किया गया। भारतीय संविधान के रचयिता और समाज सुधारक डॉ. अंबेडकर को बाबा साहेब के नाम से भी जाना जाता है। भारत रत्न डॉ. अंबेडकर जीवनभर समानता के लिये संघर्ष करते रहे, इसीलिये उनके जन्म दिवस यानी अंबेडकर जयंती को देश में **समानता दिवस** के रूप में मनाया जाता है।
- 11 और 12 अप्रैल को **भारत तथा आसियान** देशों के वरिष्ठ अधिकारियों (Special Officers Meeting-SOM) की **21वीं बैठक** नई दिल्ली में आयोजित हुई। बैठक में दोनों पक्षों ने कूटनीतिक भागीदारी और भविष्य की दशा-दिशा की समीक्षा की तथा राजनीतिक-सुरक्षा, आर्थिक और सामाजिक-सांस्कृतिक क्षेत्रों में भागीदारी में हुई प्रगति का मूल्यांकन किया गया। दोनों ही पक्षों के अधिकारियों ने आसियान और भारत के आपसी हितों वाले क्षेत्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की। आसियान-भारत 2018 के सम्मेलन में समुद्री सहयोग के लिये जो निर्णय लिये गए थे, उसको और गहन बनाने पर सहमति जिताई गई।
- फिलिस्तीन के राष्ट्रपति **महमूद अब्बास** ने हाल ही में नई सरकार को शपथ दिलाई। महमूद अब्बास ने इज़राइल के साथ सतत् शांति वार्ता के समर्थक प्रधानमंत्री **मोहम्मद इश्तयेह** की अगुवाई में वेस्ट बैंक स्थित फिलिस्तीनी प्राधिकरण की नई कैबिनेट को शपथ दिलाई। इश्तयेह की नियुक्ति से फिलीस्तीनी प्राधिकरण और हमास के बीच की खाई और चौड़ी होने की संभावना है। गौरतलब है कि हमास इस्लामी सैन्य समूह है जो गाज़ा पट्टी पर शासन करता है। इससे पहले इसी वर्ष जनवरी में प्रधानमंत्री रामी हमदल्ला की राष्ट्रीय एकता सरकार ने इस्तीफा दे दिया था, जो 2014 में वेस्ट बैंक और गाज़ा पट्टी में प्रतिद्विंद्वी सरकारों के बीच सामंजस्य स्थापित करने के लिये बनाई गई थी। माना जा रहा है कि हमास को अलग-थलग करने के लिये सरकार को बदला गया है। हमास का एक दशक से अधिक समय से महमूद अब्बास और इश्तयेह की फतह पार्टी के साथ सत्ता को लेकर संघर्ष चल रहा है।
- फिनलैंड में हुए आम चुनाव में वामपंथी **एन्टी रिने (Antti Rinne)** के नेतृत्व वाली **सोशल डेमोक्रेट्स** ने संसद में 40 सीटों पर जीत दर्ज की। वहीं यूरोपियन संसद में फिनलैंड के प्रतिनिधि कट्टरपंथी **जुस्सी क्रिस्टियन हल्ला-अहो (Jussi Kristian Halla-aho)** के नेतृत्व वाली घोर दक्षिणपंथी **फिन्स पार्टी** को 39 सीटें मिली। गौरतलब है कि पिछले महीने देश के प्रधानमंत्री जुहा सिपिला ने देश की स्वास्थ्य एवं सामाजिक देखभाल प्रणाली में सुधार करने में हो रही परेशानियों का हवाला देकर अपना मंत्रिमंडल भंग कर दिया था।
- वैज्ञानिकों की एक टीम ने **पश्चिमी प्रशांत महासागर** में लगभग 11 हज़ार मीटर की गहराई में एक ऐसे अनोखे **बैक्टीरिया** की खोज की है, जो **तैलीय पदार्थों** को अपना भोजन बनाता है। चीन की **ओशियन यूनिवर्सिटी** की टीम इस बैक्टीरिया की खोज के लिये काम कर रही थी। ये **हाइड्रोकार्बन बैक्टीरिया** केवल हाइड्रोजन और कार्बन परमाणुओं से बने होते हैं। इस प्रकार के बैक्टीरिया प्रमुख रूप से तेल के समान यौगिकों को खाते हैं और फिर इसे ईंधन के लिये उपयोग करते हैं। इसी तरह के बैक्टीरिया मेक्सिको की खाड़ी में तेल रिसाव जैसी प्राकृतिक आपदाओं में तेल रिसाव को कम करने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस टीम ने समुद्र की सतह से कई तरह के नमूने लिये थे जिसके लिये एक विशेष पनडुब्बी का निर्माण किया था।
- जिस प्रकार बौद्ध नववर्ष के अवसर पर हाल ही में थाईलैंड में वाटर फेस्टिवल सोंगक्रान का आयोजन किया गया था, ठीक उसी से मिलता-जुलता आयोजन भारत के पड़ोसी देश **म्यांमार की राजधानी यांगून** में भी आयोजित हुआ। **थिंगियान** नामक इस त्यौहार को जल उत्सव भी कहा जाता है। पाँच दिन तक चलने वाले इस उत्सव में लोग एक-दूसरे पर पाइपों से पानी फेंकते हैं और बड़े-बड़े टबों में एक-दूसरे को डुबोते हैं।
- भारत की **मीना कुमारी मेश्राम** ने जर्मनी के शहर **कोलोन** में हुए **मुक्केबाज़ी विश्व कप** में 54 किग्रा. भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि 57 किग्रा. भार वर्ग में साक्षी और 64 किग्रा. भार वर्ग में पिलाओ बासुमातारे ने रजत पदक जीते। 51 किग्रा. भार वर्ग में पिंकी रानी और 60 किग्रा. भार वर्ग में परवीन ने कांस्य पदक हासिल किये। तीन राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के अलावा 2014 में एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली मीना ने फाइनल में थाईलैंड की बॉक्सर को पराजित किया।
- भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने **इंग्लैंड और वेल्स** में होने वाले **वर्ल्ड कप 2019** के लिये 15 सदस्यीय **भारतीय क्रिकेट टीम** की घोषणा कर दी। विराट कोहली टीम के कप्तान बने रहेंगे। अंबाती रायडू और ऋषभ पंत को टीम में नहीं चुना गया है, जबकि विजय शंकर को टीम में शामिल किया गया है। धोनी की जगह विकेट कीपर के विकल्प के तौर पर दिनेश कार्तिक को टीम में जगह दी गई है। रोहित शर्मा को टीम का उपकप्तान बनाया गया है।